जेएसपीएल फाउंडेशन फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

आवाज संवाददाता

भुरकुंडा। जेएसपीएल फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरूवार को किन्नी फूटबॉल मैदान में लड़कियों के लिए फूटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला पार्सद डॉली देवी, लबगा मुखिया शिवप्रसाद मुंडा एवं बासल थाना प्रभारी राजदीप कुमार ने किया। मौके पर डॉली देवी ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है सिर्फ उन्हें प्रशिक्षित करा तराशने की। शिव प्रसाद मुंडा ने कहा कि यह शिविर लड़कियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाएगा। राजदीप कुमार ने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ियों में अनुशासन और जीवन कौशल का भी संचार होगा। जेएसपीएल पतरातू के प्लांट प्रमुख संजय सिन्हा ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम खेल के माध्यम से लड़कियों को सशक्त बनायेगी और कंपनी अपने निगमित सामाजिक दायित्व के तहत इन लड़कियों को आगे बढ़ने में हर संभव मदद करेगी। मौके पर जिला फूटबाल संघ के सचिव मुस्तफा आजाद, मानव संसाधन विभाग के प्रवीण कुमार, सीएसआर विभाग के रमाकांत बहेरा, अनुराग सिंह, रस्मिता दास, बीरबल बेदिया, कोच चंद्रिका चौधरी, ब्रीजन मुंडा सहित ज्योति कुमार, मनीषा कुमारी, पुष्पा लिंडा, आईशा कुमारी, खुशबू कुमारी एवं अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।